गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) निवास, भोजन, चिकित्सा, वस्त्र, वाहन, रेडियो, फर्नीचर, समाचार पत्र तथा पत्रिकायें, स्टेनोग्राफर तमिल शिक्षक और सेवकों के प्रबन्ध पर किया खर्च सरकार द्वारा वहन किया गया था। सरकार के खर्च पर उनके परिवार के सदस्यों और निकट संबंधियों को कुछ समय के लिये उनके पास ठहरने या उनसे मिलने की अनुमति दी गई थी।

(ख) एक विवरण, संलग्न है। चूंकि शेख के साथ इन सुविधाओं का उपयोग उन्होंने भी किया था अतः प्रत्येक का अलग से कोई लेखा नहीं रखा गया।

(ग) प्रतिबंध हटा लेने के बाद शेख को मानक किराये पर सरकारी आवास में ठहरने की तथा तदर्थ किराये पर फर्नीचर इस्तेमाल करने की अनुमति प्रदान की गई थी।

विवरण

मई 1965 से जनवरी, 1968 तक नजरबन्दी के दौरान शेख के परिवार के सदस्य तथा निकट संबंधियों के नाम जिन्हें समय-समय पर मिलने या ठहरने की अनुमति प्रदान की गई।

क्रमांक संख्या	शेख अब्दुल्ला के परिवार के सदस्य या संबंधी	शेख अब्दुल्ला से संबंध
1.	बेगम अब्दुल्ला .	पत्नी
2.	कुमारी सुईया अब्दुल्ला	पुत्री
3.	श्रीमती खालिदा अब्दुल्ला (श्री जी० एम० शाह की पत्नी)।	पुत्री
4.	मास्टर मुजफ्फर	पोता
5.	कुमारी आलिया	पोती
6.	श्री जी० एम० शाह	दमाद
7.	डा० मुस्ताफा .	पुत्र
8.	श्री इफ्तीखार .	पोता

हिमाचल प्रदेश का आय-व्ययक

3244. **श्री शिव कुमार शास्त्री :**
श्री यशवन्त सिंह कुशवाह :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हिमाचल प्रदेश के लिये आय-व्ययक में नियत की गई राशि का उपयोग उस राज्य के विभिन्न क्षेत्रों की जनसंख्या के अनुपात से राज्य सरकार द्वारा नहीं किया गया है ;

(ख) क्या हिमाचल प्रदेश में शामिल किये गये नये क्षेत्रों के लोगों की ओर से सरकार को ऐसी कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ग) यदि हां, तो उस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(घ) इस सम्बन्ध में राज्य सरकार को क्या निदेश दिये गये हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) हिमाचल प्रदेश सरकार के बजट में दी गई रकमों का उनके द्वारा आवंटन तथा उपयोग विभिन्न क्षेत्रों की आवश्यकताओं के अनुसार होता है न कि उनकी जनसंख्या के अनुपात के अनुसार।

(ख) जी, नहीं, श्रीमान।

(ग) और (घ). प्रश्न नहीं उठते।

SALES TAX SYSTEM OF DELHI

3245. SHRI HIMATSINGKA : Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether the Delhi General Merchants' Association has demanded the streamlining of system of Sales tax with a view to end corruption and save honest traders from harassment; and

(b) if so, the precise demands of the Association and Government's reaction thereto ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA) : (a) and (b). The Delhi General Merchants' Association has submitted a Memorandum to